## कार्यालयः—जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव, जिला—कोण्डागांव (छ0ग0)

## सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक 40 / भर्ती समिति / 2023 कोण्डागांव, दिनांक 28.06.2023

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28.07.2023 सायं 5.00 बजे तक**

**लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा तथा साक्षात्कार की तिथि बाद में सूचित की जावेगी**

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव (सिविल जिला कोण्डागांव) के अंतर्गत रिक्त सहायक प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), सहायक ग्रेड—3, आदेशिका वाहक एवं भृत्य (भृत्य+फर्राश+दफ्तरी कम फर्राश) के पदों पर अर्हता प्राप्त भारतीय नागरिकों और भारत सरकार द्वारा मान्य अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:—

**रिक्त पदों का विवरण**

रिक्त पदों का विवरण

| क्रं | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | पदो के आरक्षण का विवरण | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ. जा. | | | | अ. ज. जा. | | | | अ.पि.व. | | | | अनारक्षित | | | |
| | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सैं. | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सैं. | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सैं. | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सैं. |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1 | सहायक प्रोग्रामर | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 01 | - | - | - |
| 2 | स्टेनोग्राफर (हिन्दी) | 04 | - | - | - | - | 04 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | स्टेनोग्राफर(अंग्रेजी) | 01 | - | - | - | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | सहायक ग्रेड—3 | 08 | - | - | - | - | 05 | - | 01 | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | आदेशिका वाहक | 05 | - | - | - | - | 03 | - | - | - | 01 | - | - | - | 01 | - | - | - |
| 6 | भृत्य (भृत्य+फर्राश +दफतरी कम फर्राश) | 04 | - | - | - | - | 01 | 01 | - | 02 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | योग— | **23** | - | - | - | - | **14** | **01** | **01** | **03** | **02** | - | - | - | **02** | - | - | - |

टीप :–

क. पदों की संख्या में किसी भी समय कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है।

ख. भर्ती कार्यवाही आरक्षण एवं रोस्टर के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमाँक 19668/2022 में पारित अंतिम आदेश के अध्यधीन होगा।

ग. परीक्षा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव के पास सुरक्षित रहेगा।

घ. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित पद केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासी के लिये आरक्षित है। अन्य राज्य के आरक्षित वर्ग के प्राप्त आवेदन अनारक्षित वर्ग के अंतर्गत विचारित किये जायेंगे।

ड. सा0प्र0वि0क0एफ 3–1/2016/1–3/दिनांक 11.01.2017 के अनुसार महिलाओं के लिये आरक्षित पद केवल छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी महिला अभ्यर्थियों के लिये ही लागू है।

## भर्ती की पात्रता एवं शर्तें

**(01) सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर–**

**अ–** वेतनमान– छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत मैक्ट्रिक्स लेवल–09, वेतनमान (रूपये 38100–120400)

**ब– शैक्षणिक योग्यता –**

1. उबन्टू लाईनक्स/ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर/विन्डोज में कार्य करने के अनुभव के साथः– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान या संबंधित विषय में बी.ई./एम.एस.सी./बी.टेक/एम.सी.ए. डिग्री।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी स्नातक उपाधि के साथ डी.ओ.ई. से "ए" लेवल कोर्स या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी.जी.डी.सी.ए. उत्तीर्ण तथा प्रोग्रामिंग/सॉफ्टवेयर डेव्हलपमेंट में तीन वर्ष का अनुभव।

**(02) हिन्दी स्टेनोंग्राफर पद के लिए :–**

अ– वेतनमानः– छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत मैक्ट्रिक्स लेवल–07 वेतनमान (रूपये 28700–91300)

**ब– शैक्षणिक योग्यता –**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम **40** प्रतिशत अकों तथा अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए **45** प्रतिशत् अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण ।
2. छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।
3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) के साथ लिब्रे आफिस/एम.एस. वर्ड तथा इंटरनेट/कम्प्यूटर का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।

4. अभ्यर्थी की कम्प्यूटर में हिन्दी टाईपिंग की गति 5,000 / – की–डिप्रेशन (Key-depression) प्रति घंटा होनी चाहिए। (गति / कम्प्यूटर के ज्ञान के संबंध में कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी।)

**(03) अंग्रेजी स्टेनोंग्राफर पद के लिए :–**

अ– वेतनमानः– छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत मैक्ट्रिक्स लेवल–07 वेतनमान (रूपये 28700–91300)

**ब– शैक्षणिक योग्यता –**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम **40** प्रतिशत अकों तथा अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए **45** प्रतिशत् अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण ।
2. छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।
3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) के साथ लिब्रे आफिस / एम.एस. वर्ड तथा इंटरनेट / कम्प्यूटर का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान ।
4. अभ्यर्थी की कम्प्यूटर में अंग्रेजी टाईपिंग की गति 5,000 / – की–डिप्रेशन (Key-depression) प्रति घंटा होनी चाहिए। (गति / कम्प्यूटर के ज्ञान के संबंध में कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी।)

**(04) सहायक ग्रेड–3 के पद के लिए :–**

अ– वेतनमानः–छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत मैक्ट्रिक्स लेवल–04 वेतनमान (रूपये 19500–62000)

**ब– शैक्षणिक योग्यता –**

01. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम **40** प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।
02. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) के साथ लिब्रे आफिस / एम.एस. वर्ड तथा इंटरनेट / कम्प्यूटर का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान ।
03. अभ्यर्थी की कम्प्यूटर में हिन्दी टाईपिंग की गति 5,000 / – की–डिप्रेशन (Key-depression) प्रति घंटा होनी चाहिए। (गति / कम्प्यूटर के ज्ञान के संबंध में कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी।)

**(5) आदेशिका वाहक के पद के लिये–**

अ–वेतनमानः–छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत मैक्ट्रिक्स लेवल–03 वेतनमान (रूपये 18000–56900)

**ब–शैक्षणिक योग्यता –**

01. किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / स्कूल से कक्षा आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

02. मोबाईल चलाने का ज्ञान।

(6) **भृत्य (भृत्य+फर्राश+दफ्तरी कम फर्राश) के पद के लिये–**

अ– वेतनमानः–छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत मैक्ट्रिक्स लेवल–01 वेतनमान (रूपये 15600–49400)

ब– **शैक्षणिक योग्यता –**

01. किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/स्कूल से **कक्षा पांचवीं परीक्षा उत्तीर्ण** होना अनिवार्य है, आठवीं कक्षा से अधिक योग्यताधारी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नोटः**–ड्राईवर, कुक, माली, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई एवं प्लंबर के कार्य के अनुभव प्राप्त उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी, जिन्होंने अनुभव के संबंध में अधिकृत प्राधिकारी/संस्था का प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया हो, यदि प्रमाण पत्र गलत/फर्जी पाया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी की सेवा तत्काल बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जावेगी एवं उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी।

**महत्वपूर्ण :–**

01. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं। आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें।

02. परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है, चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर, उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।

03. किसी भी प्रवर्ग में महिलाओं के लिए आरक्षित वर्ग उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव के कारण चयन नहीं होने से रिक्त रह जाते हैं तो ऐसे रिक्त वर्ग उसी प्रवर्ग के पुरूष वर्ग के उम्मीदवारों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।

04. भूतपूर्व सैनिक होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

## आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्तें

(1) **आयु सीमा** :– उपरोक्त पदो के लिये ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिनकी आयु दिनाक 01.01.2023 को 18 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हों, परन्तु छत्तीसगढ़

राज्य के स्थानीय/मूल निवासी अभ्यर्थी के लिये उच्चतर आयु सीमा 40 वर्ष होगी। छत्तीसगढ राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), महिला इत्यादि के लिये अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन द्वारा जो छूट दी गई है, वे छूट यथावत् लागू रहेगी तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु के संबंध में समय-समय पर जारी निर्देशों के आधार पर अभ्यर्थियों को आयु में दी जाने वाली सभी प्रकार की छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु सीमा **45 वर्ष** से अधिक नहीं होगी।

**छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अन्य राज्य के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होगी।**

आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिये पांचवीं/हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी के प्रमाण पत्र, जिनमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, मान्य होगें। जो अभ्यर्थी उच्चतर आयु सीमा में छूट चाहते हैं, उन्हें संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**(2) अन्य शर्ते :-**

01. रोजगार कार्यालय में उनका जीवित पंजीयन होना चाहिए। (कार्यरत शासकीय सेवकों के लिये लागू नहीं है)
02. सभी पदों पर चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति 03 वर्ष (तीन वर्ष) की परीविक्षा अवधि पर की जावेगी। इस परीविक्षाधीन अवधि पर नियुक्त सेवकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में क्रमशः उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70%, 80%, 90% राशि स्टाईपेंड के रूप में देय होगा, किन्तु परीविक्षा अवधि में स्टाईपेंड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत अन्य कर्मियों के तरह प्राप्त होगें।
03. चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने की दशा में चयनित उम्मीदवार को सूचना दिये बिना उसकी सेवा समाप्त की जाकर दाण्डिक कार्यवाही संस्थित की जा सकेगी।
04. आवेदन करने की तिथि में समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।
05. जो अभ्यर्थी शासकीय सेवा/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
06. कोई पुरूष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नि जीवित हो अथवा कोई महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नि जीवित है वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगी, परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाये कि ऐसा करने का विशेष कारण है, तो ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दिया जा सकेगा।

07. कोई भी अभ्यर्थी जिसे किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो वह नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

08. अभ्यर्थी को किसी उच्च न्यायालय, शासकीय या वैधानिक संस्था अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा सेवा से पृथक अथवा पदच्युत किया गया हो तो वह अपात्र माना जायेगा।

**–: आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :–**

**(टीप**–माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन कमांक 6049/तीन–18–27/ 2023/डी.ई., बिलासपुर, दिनांक 12.05.2023 के अनुसार स्थापना के सीधी भर्ती के समस्त रिक्त पदों पर नियमानुसार भर्ती की कार्यवाही यथाशीघ्र आरंभ करते हुए उक्त रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही **03 माह के भीतर पूर्ण** करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसलिये भर्ती की प्रकिया निम्नानुसार निर्धारित की जा रही है।)

01. आवेदन पत्र इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेंगे । पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र **दिनांक 28.07.2023 के सायं 5.00 बजे** तक बंद लिफाफे में **जिस पर स्पष्ट रूप से आवेदित पद सहायक प्रोग्रामर, स्टेनोंग्राफर (हिन्दी), स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), सहायक ग्रेड–तीन, आदेशिका वाहक एवं भृत्य (भृत्य, फर्राश, दफतरी कम फर्राश) के पदों पर. नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखा** हो। कार्यालय–जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव, जिला–कोण्डागांव, (छत्तीसगढ़) पिन कोड–494226 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से अंतिम तिथि के पूर्व तक भेजे जा सकेगें। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतिम तिथि दिनांक **28.07.2023 के सायं 5.00** बजे के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास आदि से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित (Self Attested) प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

02. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पूर्ण नाम एवं पता लिखे हुए **दो लिफाफे प्रत्येक पर 5/– की डाक टिकट** चस्पा करते हुए आवश्यक रूप से संलग्न करें तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो पृथक से भेजें ।

03. विज्ञापन व आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी जिला एवं सत्र न्यायालय कोण्डागांव के बेवसाईट **https://districts.ecourts.gov.in/kondagaon** पर उपलब्ध है, जहां पर से आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप से भिन्न प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन पत्र निरस्त किये जायेगें।

04. ऐसे अभ्यर्थी जो एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहते है, उन्हें पृथक–पृथक आवेदन–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

05. आवेदन –पत्र में चस्पा रंगीन फोटो स्वतः का नाम लिखा हुआ एवं दिनांक सहित स्वप्रमाणित होना चाहिये। पहचान के रूप में आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

06. आवेदक को चाहिये की वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों का अवलोकन कर आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी अत्यंत सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि

आवेदन पत्र में त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

## –: नियुक्ति हेतु चयन विधि :–

**सहायक प्रोग्रामर के पद के लिये:–**

(अ) **लिखित परीक्षा:–** सहायक प्रोग्रामर के पद हेतु तकनीकी ज्ञान संबंधी 2 घंटे का प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जावेगी। जिसमें 100 अंकों का एक प्रश्न पत्र होगा, जिसके सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होगें, जिसमें प्रत्येक प्रश्न का 1–1 अंक होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के चार विकल्प दिये जायेगें। सही उत्तर के विकल्प वाले गोले को नीली स्याही के पेन से सही के निशान से चिन्हित करना होगा। प्रथम बार सही का निशान लगाये जाने के उपरांत उसे पुनः काटकर दूसरे विकल्प पर सही का निशान लगाने या अन्य कोई निशान लगाने पर उस प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिया जावेगा।

(ब) **साक्षात्कार:**–उक्त लिखित परीक्षा के वरीयता सूची के आधार पर 01 पद के लिए 5 गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा।

**साक्षात्कार 20 अंकों का होगा।**

(स) **चयन प्रकिया:**–उक्त लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के अंको के आधार पर वरीयता सूची तैयार की जावेगी। जिसमें सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा। चयन हेतु अभ्यर्थी का वरीयता सूची में समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी, जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उसे प्राथमिकता दी जावेगी। यदि दोनों अभ्यर्थी की जन्मतिथि समान होगी तो कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी।

(1) **स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद के लिये:–**

### –: प्रथम भाग लिखित परीक्षा :–

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव द्वारा गठित चयन समिति द्वारा पदों की संख्या 20 गुना से अधिक होने पर एक लिखित स्वतंत्र प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें 100 अंको का एक प्रश्न पत्र होगा। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होगें। प्रत्येक प्रश्न का 01–01 अंक होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये एक उत्तर पुस्तिका होगी, जिसमें चार विकल्प चार गोले के रूप में दिये जावेगें, सही उत्तर के विकल्प वाले गोले को नीली स्याही के पेन से

पूर्णतः भर कर चिन्हित करना होगा। उक्त वस्तुनिष्ठ प्रश्न सामान्य मानसिक योग्यता, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित एवं समसामयिक विषयों के अंतर्गत होगें, उक्त परीक्षा की अवधि केवल 02 घंटे की होगी। प्रथम बार सही का निशान लगाये जाने के उपरांत उसे पुनः काटकर दूसरे विकल्प पर सही का निशान लगाने या अन्य कोई निशान लगाने पर उस प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिया जावेगा।

**–: द्वितीय भाग कौशल परीक्षा :–**

01. लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रवीण्यता के क्रम में रिक्त पदो के 10 (दस) गुना उम्मीदवारों को स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद के संबंध में हिन्दी शीघ्रलेखन एवं कम्प्यूटर की कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा 80 अंकों का होगा।
02. हिन्दी स्टेनोग्राफर के पद हेतु उम्मीदवार को 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से 400 शब्द 04 मिनट का हिन्दी श्रुतलेख दिया जाएगा, उसका अनुवाद कर निर्धारित समय 20 मिनट की समय सीमा अवधि में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा। प्रत्येक त्रुटि के लिये 1/5 अंक काटा जावेगा, हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक अशुद्धि के लिये भी होगा।
03. कौशल परीक्षा उबंटू लाइनेक्स (Ubuntu Linux) में लिब्रे ऑफिस (Libre office) में Remington Unicode Font में ली जावेगी।

**–: तृतीय भाग साक्षात्कार :–**

कौशल परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रवीण्यता के क्रम में रिक्त पदो के 03. (तीन) गुना उम्मीदवारों को स्टेनोग्राफर (हिन्दी) पद के हेतु साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जावेगा। साक्षात्कार – 20 अंकों का होगा।

**स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) के पद हेतु–**

**–: प्रथम भाग लिखित परीक्षा :–**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव द्वारा गठित चयन समिति द्वारा पदों की संख्या 20 गुना से अधिक होने पर एक लिखित स्वतंत्र प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें 100 अंको का एक प्रश्न पत्र होगा जिसके सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होगें, जिसमें प्रत्येक प्रश्न का 01–01 अंक होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये एक उत्तर पुस्तिका होगी, जिसमें चार विकल्प चार गोले के रूप में दिये जावेगें, सही उत्तर के विकल्प वाले गोले को नीली स्याही के पेन से पूर्णतः भर कर चिन्हित करना होगा। उक्त वस्तुनिष्ठ प्रश्न

सामान्य मानसिक योग्यता, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित एवं समसामयिक विषयों के अंतर्गत होगें, उक्त परीक्षा की अवधि केवल 02 घंटे की होगी। प्रथम बार सही का निशान लगाये जाने के उपरांत उसे पुनः काटकर दूसरे विकल्प पर सही का निशान लगाने या अन्य कोई निशान लगाने पर उस प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिया जावेगा।

**—: द्वितीय भाग कौशल परीक्षा :—**

01. लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रवीण्यता के कम में रिक्त पदो के 10 (दस) गुना उम्मीदवारों को स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) के पद के संबंध में अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं कम्प्यूटर की कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा 80 अंकों का होगा।
02. अंग्रेजी स्टेनोग्राफर के पद हेतु उम्मीदवार को 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से 400 शब्द 04 मिनट अंग्रेजी श्रुतलेख दिया जाएगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 20 मिनट की समय सीमा अवधि में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा। प्रत्येक त्रुटि के लिये 1/5 अंक काटा जावेगा, हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक अशुद्धि के लिये भी होगा।
03. कौशल परीक्षा उबंटू लाइनेक्स (Ubuntu Linux) में लिब्रे ऑफिस (Libre office) में Arial/Times New Roman font में ली जावेगी।

**—: तृतीय भाग साक्षात्कार :—**

कौशल परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रवीण्यता के कम में रिक्त पदो के 03 (तीन) गुना उम्मीदवारों को स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) पद के हेतु साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जावेगा। साक्षात्कार — 20 अंकों का होगा।

**(4) सहायक ग्रेड—3 के पद हेतु—**

**—: प्रथम भाग लिखित परीक्षा :—**

**(अ) लिखित परीक्षा—**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव द्वारा गठित चयन समिति द्वारा पदों की संख्या 20 गुना से अधिक होने पर एक लिखित स्वतंत्र प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें 100 अंको का एक प्रश्न पत्र होगा जिसके सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होगें, जिसमें प्रत्येक प्रश्न का 01—01 अंक होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये एक उत्तर पुस्तिका होगी, जिसमें चार विकल्प चार गोले के रूप में दिये जावेगें, सही उत्तर के विकल्प वाले गोले को नीली स्याही के पेन में सही के निशान से चिन्हित करना होगा। उक्त वस्तुनिष्ठ प्रश्न सामान्य मानसिक योग्यता, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित एवं समसामयिक

विषयों के अंतर्गत होगें, उक्त परीक्षा की अवधि केवल 02 घंटे की होगी। प्रथम बार सही का निशान लगाये जाने के उपरांत उसे पुनः काटकर दूसरे विकल्प पर सही का निशान लगाने या अन्य कोई निशान लगाने पर उस प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिया जावेगा।

**(ब) कौशल परीक्षा–**

1. लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रवीण्यता के कम में रिक्त पदो के 10 (दस) गुना उम्मीदवारों को सहायक ग्रेड–3 के पद के संबंध में कम्प्यूटर की कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा 80 अंकों का होगा।
2. उम्मीदवारों को 400 शब्दों का हिन्दी गद्यांश को निर्धारित 16 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा। प्रत्येक त्रुटि के लिये 1/5 अंक काटा जावेगा, हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक अशुद्धि के लिये भी होगा।
3. कौशल परीक्षा उबंटू लाइनेक्स (Ubuntu Linux) में लिब्रे ऑफिस (Libre office) में Remington Unicode Font में ली जावेगी। कौशल परीक्षा का 80 अंकों का होगा।

**(स) साक्षात्कारः**–उक्त लिखित परीक्षा के वरीयता सूची से केवल 03 (तीन) गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। साक्षात्कार 20 अंकों का होगा।

**(5) आदेशिका वाहक के पद हेतु–**

**(अ) कौशल परीक्षा–**

आदेशिका वाहक के चयन हेतु 200 शब्दों का श्रुतलेख (ईमला)–100 अंकों का लिया जावेगा।

**(i) प्रथम चरण**–आदेशिका वाहक (Process Server) के पदों पर चयन हेतु रिक्त पदों की संख्या से 20 गुना तक आवेदन प्राप्त होने पर सभी उम्मीदवारों को श्रुतलेख हेतु बुलाया जाएगा, किन्तु रिक्त पदों की संख्या से 20 गुना से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थियों की छटनी हेतु जो प्रकिया अपनाई जावेगी, उसे आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के उपरांत जिला न्यायालय, कोण्डागांव के वेबसाईट **https://districts.ecourt.gov.in/kondagaon** पर अपलोड कर दी जावेगी। छटनी प्रकिया भर्ती कमेटी/सब कमेटी द्वारा निर्धारित की जावेगी, जो आदेशिका वाहक की न्यूनतम योग्यता कक्षा आठवीं में प्राप्त अंकों के आधार पर या अन्य किसी आधार पर भी निर्धारित की जा सकती है, यह भी निर्धारित किया जा सकता है कि साक्षात्कार हेतु कक्षा आठवीं के अंकों के आधार पर निर्धारित प्रवीण्य सूची में से रिक्त पदो के कितने गुणा अभ्यर्थियों को आमंत्रित करना है।

(ii) **साक्षात्कारः**–उक्त श्रुतलेख परीक्षा के वरीयता सूची से केवल 03 गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। साक्षात्कार 20 अंकों का होगा।

**(6) भृत्य (भृत्य+फर्राश+दफतरी कम फर्राश) पद हेतु अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन निम्नलिखित प्रकिया के तहत किया जावेगा–**

**साक्षात्कार– 20 अंक की होगी।**

(अ) **प्रथम चरण**–भृत्य (Peon) के पदों पर चयन हेतु रिक्त पदों की संख्या से 20 गुना तक आवेदन प्राप्त होने पर सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा, किन्तु रिक्त पदों की संख्या से 20 गुना से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थियों की छटनी हेतु जो प्रकिया अपनाई जावेगी, उसे आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के उपरांत जिला न्यायालय, कोण्डागांव के वेबसाईट **https://districts.ecourt.gov.in/kondagaon** पर अपलोड कर दी जावेगी। छटनी प्रकिया भर्ती कमेटी/सब कमेटी द्वारा निर्धारित की जावेगी, जो भृत्य की न्यूनतम योग्यता कक्षा पांचवी में प्राप्त अंकों के आधार पर या अन्य किसी आधार पर भी निर्धारित की जा सकती है, यह भी निर्धारित किया जा सकता है कि साक्षात्कार हेतु कक्षा पांचवी के अंकों के आधार पर निर्धारित प्रवीण्य सूची में से रिक्त पदों के कितने गुणा अभ्यर्थियों को आमंत्रित करना है।

**टीपः– यह स्पष्ट किया जाता है स्टेनोग्राफर (हिन्दी/अंग्रेजी), सहायक ग्रेड–तीन के ऐसे अभ्यर्थी का कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्य उम्मीदवार की श्रेणीवार/वर्गवार तथा पृथक से चयन सूची एवं प्रतिक्षा सूची तैयार की जाएगा, परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों का कोई अधिकार तब तक नहीं होगा जब तक कि नियुक्तिकर्ता अधिकारी की ऐसी जांच के बाद जो आवश्यक समझी जावे, इस बात का समाधान न हो जाये कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से योग्य है।**

**चयन प्रकिया के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।**

स्थान :– कोण्डागांव
दिनाँक :– 28-6-2023

**अध्यक्ष**
**चयन समिति**
**कार्या0जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**कोण्डागांव**

अनुमोदित
28.06.2023

## आवेदन–पत्र का प्रारूप

(सहायक प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर हिन्दी एवं अंग्रेजी, सहायक ग्रेड–3, आदेशिका वाहक एवं भृत्य (भृत्य+फर्राश+दफ्तरी कम फर्राश) के पद पर नियुक्ति हेतु)

प्रति,

**कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**कोण्डागांव, जिला–कोण्डागांव (छ0ग0)**

नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा कर स्व प्रमाणित करें।

1. आवेदित पद का नाम :...........................................

2. आवेदक का नाम (हिंन्दी में) :...........................................
(अंग्रेजी के केपिटल लेटर्स में) :...........................................

3. लिंग (संकेतांक) पुरूष–1, महिला–2, अन्य–3 [ ]

4. पिता/पति का नाम :...........................................

5.(अ) पत्र व्यवहार का पता (हिन्दी में) :...........................................
:...........................................
:...........................................

(ब) स्थायी पता :...........................................
(यदि पत्र व्यवहार का पता एवं स्थायी पता एक :...........................................
ही है तो तदैव लिखें) :...........................................

(स). मोबाईल नंबर : ...........................................

6.(अ) जन्म तिथि (अंकों में) [ ]

शब्दों में :...........................................

(ब) दिनाँक 01.01.2023. को आयु वर्ष [ ] माह [ ] दिन [ ]

7. क्या अभ्यर्थी छ0ग0 राज्य का मूल निवासी है? [ ]
हाँ/नहीं (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

8. अ. क्या अभ्यर्थी छ0ग0 शासन द्वारा छ0ग0 के लिये घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है? हाँ/नहीं [ ]
(यदि हाँ, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
ब. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति [ ]

/अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करें

9. अ. क्या अभ्यर्थी दिव्यांग है? हाँ/नहीं
(यदि हाँ, तो दिव्यांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
ब. दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत :..........................................................

10. क्या अभ्यर्थी भूतपूर्व सैनिक है? हाँ/नहीं
(यदि हाँ, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमाँक:..........................................................
व दिनाँक :..........................................................

12. रोजगार कार्यालय का नाम :..........................................................

13. क्या आप विवाहित हैं? हाँ/नहीं

14. यदि विवाहित हैं, तो विवाह की तिथि

15. जीवित बच्चों की संख्या

16. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :-

| क्र0 | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

17. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है? हाँ/नहीं
(यदि हाँ, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

18. स्व-प्रमाणित संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-

A .......................................................... B ..........................................................

C .......................................................... D ..........................................................

E .......................................................... F ..........................................................

G .......................................................... H ..........................................................

I .......................................................... J ..........................................................

## घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं एवं आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीद्वारी रद्द या निरस्त किये जाने योग्य होगी।

स्थान : ......................

दिनाँक : ......................

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं पता)

नाम :.....................................................

पता :.....................................................